(ख) उपरिलिखित दस्तावेज में स्कीम/परियोजनावार ब्यौरे दिये गये हैं जो पहले ही संसद पुस्तकालय में उपलब्ध हैं।

(ग) दस्तावेज के खण्ड 3 में विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनाओं सहित विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के ब्यौरे दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश में क्रियान्वयन के लिए विश्व बैंक के विचारार्थ मौजूदा परियोजनाएं हैं:—

	परियोजना का नाम	राशि (मिलियन डालर में)
1.	यू पी सोडिक परियोजना	100
2.	प्रथम प्राथमिक शिक्षा परियोजना	150

रोजगार हेतु निर्धारित लक्ष्य

2781. **श्री राम सिंह राठवा**: क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित किया गया लक्ष्य क्या था;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान कितने व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है; और

(ग) सरकार को किन-किन कारणों से निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं हो पायी है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम): (क) से (ग) रोजगार मुहैय्या कराने के लक्ष्य साल दर साल आधार पर निर्धारित नहीं किए जाते हैं। जनवरी, 1988 (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा आयोजित पिछले व्यापक सर्वेक्षण का मध्य बिन्दु) तथा मार्च, 1992 के अन्त में सामान्य रूप से रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की संख्या में लगभग 232 लाख अर्थात् प्रतिवर्ष औसतन 55 लाख की बढ़ोतरी का अनुमान है।

राज्यों द्वारा आठवीं पंचवर्षीय योजना को अंतिम रूप दिया जाना

2782. **श्री शंकर दयाल सिंह**: क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सभी राज्यों ने आठवीं पंचवर्षीय योजना और अपनी-अपनी वार्षिक योजनाओं को अंतिम रूप दे दिया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है और इसमें संबंधित राज्य सरकारों तथा केन्द्र सरकार का क्या योगदान रहा है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम): (क) से (ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना तथा वार्षिक योजना 1992-93 के लिए संबंधित राज्य सरकारों तथा केन्द्र सरकार के अंशदान संबंधी राज्यवार ब्यौरों को दर्शाता हुआ एक विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिए)** वार्षिक योजना 1993-94 के लिए सभी राज्यों के परिव्ययों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

विवरण

आठवीं योजना के लिए कुल परिव्यय राज्यों के निजी स्त्रोतों तथा केन्द्रीय सहायता

(करोड़ रु०)

राज्य	सहमति कुल परिव्यय	राज्यों के निजी स्त्रोत	केन्द्रीय सहायता
1	2	3	4
1. **विशेष श्रेणी**			
1. अरुणाचल प्रदेश	1155.00	0.00	1155.00
2. असम	4662.00	0.00	4662.00
3. हिमाचल प्रदेश	2502.00	449.86	2052.14
4. जम्मू और कश्मीर	4000.00	0.00	4000.00
5. मणिपुर	979.00	0.00	979.00
6. मेघालय	1029.00	0.00	1029.00
7. मिजोरम	763.00	0.00	763.00
8. नागालैंड	844.00	0.00	844.00
9. सिक्किम	550.00	6.70	543.30
10. त्रिपुरा	1130.00	44.91	1085.09